सत्यमेव जयते

محمود اسعد مدنی
MAHMOOD A. MADANI
Ex.MEMBER OF PARLIAMENT
RAJYA SABHA

GENERAL SECRETARY : JAMIAT ULAMA-I-HIND
Ex. Member : Standing Committee on Social Justice & Empowerment
Consultative Committee on Ministry of Home Affairs
Committee on Paper Laid on Table (Rajya Sabha)
Haj Committee of India

**July 18, 2020**

श्रीमान अरविन्द केजरीवाल जी
मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार
दिल्ली सचिवालय नई दिल्ली।

विषय – दिल्ली दंगे में हुई जान–माल की हानि में मानवीय सहायता और मुआवजे की राशि बढ़ाए जाने के संबंध में।

महोदय

दिल्ली में हुए भयानक दंगे में बड़े पैमाने पर जान माल की हानि हुई जिसमें लगभग 53 लोगों की जान गई, सैंकड़ों दुकानों मकानों व गाड़ियों को आगजनी कर स्वाह कर दिया गया। जिस कारण हज़ारों लोग बेघर और बेरोजगार हो गये। कोविड–19 लॉकडाउन के कारण दंगा पीड़ित भुखमरी के कगार पर पहुंच गये।

दिल्ली सरकार द्वारा दंगा पीड़ितों को फौरी तौर पर जो सहायता प्रदान को गई वह सराहनीय है, परन्तु उनके पुनर्वास के लिए अपर्याप्त है।

जमीअत उलमा–ए–हिन्द ने दिल्लो दंगा प्रभावित क्षेत्रों में रिलीफ और राहत कार्यों के दौरान ये महसूस किया है कि प्रभावित और पीड़ित लोगों की जीवनचर्या को बहाल करने और उनकी सहायता तथा पुनर्वास के लिए और अधिक मदद की आवश्यकता है।

अतः हम आपसे अनुरोध करते हैं कि दंगा पीड़ितों को, सिक्ख विरोधी दंगों–1984 में न्यायालय द्वारा निर्धारित मानकों को दृष्टिगत रखते हुए मुआवजा दिया जाए जिससे पीड़ित व उसका परिवार एक सम्मानपूर्ण जीवन शुरू कर सके।

हम आशा करते है कि आप मानवीय आधार पर हमारी मांग को स्वीकार कर धन्यवाद का अवसर प्रदान करेंगे।

भवदीय,

महमूद अ. मदनी

1, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi 110002, Tel: +91 11 23317729
Email: ma.madani64@gmail.com / juhdelhi@gmail.com